# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 03 अक्टूबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

**Rajasthan Current Affairs**

**by GK Search Engine**

GET IT ON Google Play

**Download App**

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. नई दिल्ली में 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली देश की पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग में राजस्थान की कौनसी टीम हिस्सा लेगी?**

**(A) राजपूताना रॉयल्स टीम**
(B) राजस्थान आर्चरी टीम
(C) राजपूताना अर्जुन टीम
(D) इनमें से कोई नही

- भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) द्वारा आयोजित देश की पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) का आयोजन 2 से 12 अक्टूबर 2025 तक नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा।
- यह लीग छह फ्रेंचाइजी टीमों के बीच होगी, जिसमें 36 शीर्ष भारतीय और 12 अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य तीरंदाजी को बढ़ावा देना और भारतीय तीरंदाजों को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।
- देश में पहली बार तीरंदाजी लीग का आयोजन- 2 से 12 अक्टूबर 2025 तक नई दिल्ली में होगा
- इसमें 6 टीम में भाग लेगी। राजस्थान की ओर से राजपूताना रॉयल्स टीम भाग लेगी।

**Yesterday Revision**

⭕. हाल ही में राजस्थान के विश्वविद्यालयों में किसके जीवन दर्शन पर आधारित शोध पीठ स्थापित की जाएगी?- पंडित दीनदयाल उपाध्याय

⭕. केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, (काजरी) जोधपुर का कौनसा स्थापना दिवस समारोह 1 अक्टूबर को काजरी सभागार में मनाया गया?-67वां

⭕. राजस्थान सरकार ने दूसरे राज्यों में किस पशु के निर्यात परिवहन एवं पशु मेलों में परिवहन से प्रतिबंध हटा दिया है?-ऊंट

⭕. हाल ही में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राजस्थान के सुंदर सिंह गुर्जर और संदीप चौधरी ने जेवलिन थ्रो में कौनसा पदक जीता है?-रजत पदक

⭕. राजस्थान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (रिफ) 2025 की शुरुआत 2 अक्टूबर से कहां होने जा रही है ?-जोधपुर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**01. हाल ही में मिस्त्र के काहिरा में आयोजित होने वाली ISSF वर्ल्ड शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान से कौन भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी?**

(A) निशा कुमारी

**(B) मानिनी कौशिक**

(C) अनीता शर्मा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान की मानिनी कौशिक मिस्र के काहिरा में आयोजित होने वाली ISSF वर्ल्ड शूटिंग चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- मानिनी 50 मीटर राइफल प्रोन इवेंट में हिस्सा लेंगी। ज्ञातव्य है कि मानिनी राष्ट्रीय शूटिंग रैंकिंग में नंबर-1 खिलाड़ी हैं।
- मिस्र के काहिरा में 06 से 18 नवंबर, 2025 तक ISSF राइफल/पिस्टल विश्व चैम्पियनशिप आयोजित होने वाली है।

02. राजस्थान में मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान 2025 का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किसके द्वारा किया गया?

(A) भजनलाल शर्मा

(B) डॉ किरोडी लाल मीणा

(C) दीया कुमारी

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में जयपुर से मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान 2025 का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया
- शुभारंभ: 1 अक्टूबर 2025 को कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा द्वारा
- प्रदेश में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाकर 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक घर-घर जाकर पॉलिसियों का वितरण किया जाएगा
- देश में खरीफ 2025 की 8.71 करोड़ पॉलिसिया करवाई गई है जिनमें से 2.16 करोड़ यानी लगभग 25% पॉलिसियां अकेले राजस्थान की है।

03. राजस्थान में लेकसिटी उदयपुर की कियाना परिहार ने इतिहास रचते हुए वर्ल्ड कैडेट शतरंज चैंपियनशिप में भारत के लिए कौन-सा पदक जीता?



(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में लेकसिटी उदयपुर की कियाना परिहार ने इतिहास रचते हुए वर्ल्ड कैडेट शतरंज चैंपियनशिप में भारत के लिए कांस्य पदक जीता है।
- अल्माटी में संपन्न हुई प्रतियोगिता में कियाना ने अंडर-10 आयु वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 11 राउंड में 8.5 अंक हासिल किया और अपना आठवां इंटरनेशनल पदक जीता।
- कियाना ने पूरे 11 राउंड में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**04. राजस्थान में पहली बार किस बायोलॉजिकल पार्क में जिराफ का जोड़ा लाया जाएगा?**

(A) नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क

(B) सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क

(C) अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- लेकसिटी उदयपुर के वाइल्डलाइफ प्रेमियों और पर्यटकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य के इतिहास में पहली बार राजस्थान को जिराफ का तोहफा मिलने जा रहा है। सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में अगले साल मार्च तक जिराफ का जोड़ा लाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है।
- इसके लिए पार्क प्रबंधन ने गेट नंबर 3 के पास करीब 3 बीघा क्षेत्र में जिराफ का विशेष एनक्लोजर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस परियोजना पर लगभग 1.70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
- इस लिहाज से मार्च 2026 तक एनक्लोजर पूरी तरह तैयार हो जाएगा।
- इसके बाद एनीमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत देश के अन्य बड़े चिड़ियाघरों से जिराफ का जोड़ा उदयपुर लाया जाएगा। इसके बदले में सज्जनगढ़ बायो पार्क से अन्य वन्यजीव उपलब्ध कराए जाएंगे।

**05. हाल ही में राष्ट्रीय वायोश्री योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को सहायता उपकरण वितरण शिविर कब आयोजित हुआ?**

(A) 2 अक्टूबर 2025

(B) 1 अक्टूबर 2025

(C) 30 सितम्बर 2025

(D) इनमें से कोई नही



GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

⭕ राष्ट्रीय वायोश्री योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को सहायता उपकरण वितरण शिविर

- आयोजन - 1 अक्टूबर 2025

(अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर)

- स्थान - सामाजिक न्याय संकुल जामडोली जयपुर
- आयोजन- सक्षम जयपुर अभियान के तहत

⭕ केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 1 अप्रैल, 2017 को गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों के लिए भौतिक सहायता और सहायक जीवन उपकरण प्रदान करने हेतु "राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई)" नामक एक योजना शुरू की

06. जवाहर कला केंद्र (जेकेके), जयपुर द्वारा 28वें लोकरंग महोत्सव का आयोजन कब किया जा रहा है ?

(A) 9 से 21 अक्टूबर 2025 तक

(B) 7 से 17 अक्टूबर 2025 तक

(C) 5 से 17 अक्टूबर 2025 तक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जवाहर कला केंद्र (जेकेके), जयपुर द्वारा 28वें लोकरंग महोत्सव का आयोजन 7 से 17 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है.
- भारत की मनोरम लोक संस्कृति के सौंदर्य से सराबोर करने वाले लोकरंग में राजस्थान समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोक कलाकार अपनी लोक कलाओं की प्रस्तुति देंगे।
- इस 11 दिवसीय आयोजन में 28 राज्यों के लगभग 2500 लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे और शिल्पग्राम में एक राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला भी लगेगा

07. हाल ही में जयपुर में लघु उद्योग भारती की महिला इकाई की ओर से आयोजित "स्वयंसिद्धा" हस्तशिल्प प्रदर्शनी 2025 का उद्घाटन किसने किया?




(A) किरोड़ी लाल मीणा

(B) भजनलाल शर्मा

(C) दीया कुमारी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जवाहर कला केंद्र, जयपुर में 2 अक्टूबर को लघु उद्योग भारती की महिला इकाई की ओर से आयोजित "स्वयंसिद्धा" हस्तशिल्प प्रदर्शनी 2025 का भव्य उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया।
- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और लोकल हुनर को ग्लोबल पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'स्वदेशी से समृद्धि' की दिशा में यह प्रदर्शनी एक सशक्त प्रयास है।"
- उद्योग भारती महिला इकाई की ओर तीन दिवसीय स्वयं सिद्धा प्रदर्शनी का उद्घाटन जवाहर कला केंद्र जयपुर में आयोजित किया गया है। इस प्रदर्शनी में 70 से अधिक महिला उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रथम बार प्रदर्शन किया है।

08. ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन और प्रभा खेतान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले "आखर कार्यक्रम" में किसके द्वारा लिखित पुस्तक "कथूं-अकथ" का विमोचन किया जायेगा?



(A) डॉ. सवाई सिंह गहलोत

(B) डॉ. अखिल कुमार चौधरी

(C) डॉ. राजेश कुमार व्यास

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन और प्रभा खेतान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम आखर में लेखक डॉ. राजेश कुमार व्यास की पुस्तक कथूं-अकथ का विमोचन किया जायेगा।


यह कार्यक्रम 4 अक्टूबर 2025 को होटल आईटीसी राजपूताना में आयोजित किया जायेगा।

⭕ कला, संस्कृति और भारतीय परंपराओं पर राजस्थानी और हिन्दी दोनों भाषाओं में अपनी लेखनी चलाने के लिए डॉ. राजेश कुमार व्यास को अनेक सम्मान मिल चुके हैं। केन्द्रीय साहित्य अकादमी का सर्वोच्च सम्मान उनकी पुस्तक 'कविता देवै दीठ' के लिए मिला है

⭕ डॉ. व्यास की हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की विभिन्न विधाओं में अब तक 20 से अधिक कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं

09. हाल ही में किसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है?

(a) प्रथमेश गुप्ता
(b) राजविंदर सिंह भट्टी
(c) प्रवीण रंजन
(d) आलोक मिश्रा




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- एजीएमयूटी कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रवीण रंजन ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया।
- उन्होंने आर.एस. भट्टी का स्थान लिया, जो सेवानिवृत्त हुए हैं।
- अपनी नई नियुक्ति से पहले, रंजन सीआईएसएफ के विशेष महानिदेशक के रूप में संवेदनशील हवाईअड्डा सुरक्षा प्रभाग का नेतृत्व कर रहे थे।
- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) महानिदेशक प्रवीण कुमार


**10. निम्न में से किस दिन अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है?**

(a) 29 सितंबर

(b) 30 सितंबर

(c) 1 अक्टूबर

(d) 2 अक्टूबर




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

- दिल्ली के ओखला में एशिया के सबसे बड़े वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन 30 सितंबर 2025 को हुआ।
- इसे केंद्र और दिल्ली सरकार के संयुक्त सहयोग से नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के तहत बनाया गया है।
- ओखला प्लांट की treatment क्षमता 124 मिलियन गैलन प्रतिदिन है और यह साउथ, सेंट्रल और ओल्ड दिल्ली के लगभग 40 लाख निवासियों की सेवा करता है।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान सरकार ने दूसरे राज्यों में किस पशु के निर्यात परिवहन एवं पशु मेलों में परिवहन से प्रतिबंध हटा दिया है?**

(A) ऊंट

(B) बैल

(C) गधा

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine